Title: Need to set up Food Processing Industries in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand - Laid.

प्रो0 दुखा भगत (लोहरदगा): महोदय, झारखंड के मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा में सब्जी काफी तादाद में होती है। परंतु कोल्ड स्टोरेज और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के न होने से आदिवासी लोगों द्वारा उत्पादित सब्जियां सड़ जाती हैं और उनमें सब्जी पैदा करने का कोई उत्साह नहीं है। शिमला मिर्च, अदरक, करेला, टमाटर एवं आलू अच्छी क्वालिटी का होता है। इन सब्जियों को प्रोसेज करके अन्य शहरों को भिजवाया जा सकता है। क्वालिटी को देखते हुए निर्यात की भी काफी संभावना है। कुछ माह पूर्व लोहरदगा में कई लाख आलू सड़ गया था, जो राट्र की हानि है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि झारखंड के लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहनकारी कदम उठाये जायें और कोल्ड स्टोरेज बनाया जाये, जिससे आदिवासी लोगों में सब्जी उत्पादन करने हेतु प्रोत्साहन मिल सके।